How To Create Animated Cover Slide in PowerPoint 2016

Step by Step Tutorial (with Vadim Mikhailenko)

Watch the video: https://www.youtube.com/watch?v=aCuqREAsRcw

Tutorial is available here: https://www.howtoanalyzedata.net/how-to-create-professional-presentations-in-powerpoint/

(Hindi Video Transcript)

क्या आपने कभी सोचा है कि आपका अगला प्रझेंनटेशन अलग कैसे हो सकता है? आप कैसे खुद को चोट पहुंचा सकते है और ध्यान खुद की तरफ आकर्षित कर सकते है। आइए पहले कवर स्लाइड के अंतिम रुप पर एक नज़र डालें और जाने की यह कैसे आपकी चुनौतियों का समाधान कर सकता है।

यह न्यूयॉर्क शहर की काली और सफेद छवि से शुरू होता है और फिर यहां दो समभुज चौकोन के रुप में दो स्लाइडर्स है जो बाईं ओर से दो अलग संदेश अंदर आते है। और उसके बाद तीसरे चरण में काली और सफेद छवि रंगीन छवि बन जाती है। आइए इन सभी चीजों को अधिक विस्तार से देखें, ताकि आप उन्हे समझ सकें।

हमारा कवर पेज स्लाइड एनीमेशन न्यूयार्क शहर की काली और सफेद छवि के साथ शुरू होता है। फिर पावरपॉइंट कवर पेज एनीमेशन संदेश अंदर आता है जो एक निला समभुज चौकोन है जिस पर सफेद रंग

में लिखा हूआ है। फिर वादीम आहांक्हा द्वारा अगला चरण ट्यूटोरियल जहां एक छोटा पीला समभुज चौकोन अंदर आता है और फिर आखिरी चरण में न्यूयॉर्क की काली और सफेद छवि रंगीन छवि बन जाती है।

मै यह भी बताना चाहता हू कि अगर आप ट्यूटोरियल देखना नहीं चाहते तो आप इस फ़ाइल को डाउनलोड कर सकते है और एनिमेटेड कवर पेज पा सकते है। आप बस इस वीडियो के लिए दीए गए डिस्क्रिप्शन पर जाइए, डिस्क्रिप्शन बटन पर क्लिक करें, नीचे स्क्रॉल करें और आपको डाउनलोड लिंक मिल जाएगी। यह मेरी वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी इसलिए इस विकल्प का लाभ उठाए। आपको सिखने की कोई आवश्यकता नहीं कि इसे कैसे कीया जाता है - आप केवल पूर्ण पावरपॉइंट टेम्पलेट का लाभ उठा सकते है। जब तक की आप खुद कवर पेज एनीमेशन सीखना नहीं चाहते, तो बस आगे बढीए और ट्यूटोरियल डाउनलोड किजीए और अपने आने वाले प्रजेंनटेशन के लिए इसका इस्तेमाल किजीए।

एनिमेटेड कवर स्लाइड बनाना सिखने से पहले मै आपको बताना चाहता हू कि सामान्य तौर पर कवर स्लाइड का क्या महत्व होता है और क्यों अपनी कवर स्लाइड को एनिमेटेड बनाना आपके प्रजेंनटेशन को सफल बना सकता है। अपने प्रजेंनटेशन को सफल बनाने के लिए तीन महत्वपूर्ण चीजो की आवश्याकता होती है। नंबर एक सामग्री, सामग्री वह संदेश होता है जिसे आप दूसरों तक पहुंचाने की कोशिश करते है। नंबर दो आपका प्रजेंनटेशन डिजाइन आप जो कहना चाहते हो उसका बनावटी रुप। डिजाइन में प्रवाह भी शामिल होता है। हम ट्यूटोरियल के इस हिस्से में यह देख रहे है की अपना डिज़ाइन अधिक आकर्षक कैसे बनाया जाता है। अपने डिज़ाइन में एनिमेशन जोड़कर आप दर्शकों को अधिक व्यस्त रख सकते है और सामग्री में अधिक रूचि बढा सकते है। नंबर तीन प्रजेंनटेशन की प्रस्तुति करना, और प्रस्तुति में आप जानेंगे की प्रझेंनटेशन कि प्रस्तुति कैसे की जाती है।

यदि आपके पास अवसर है तो हमेशा व्यक्तिगत तौर पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करे। इस तरह आप देख सकते है कि लोग कैसे जवाब देते है और आप जो कह रहे है उस पर उनकी प्रतिक्रिया क्या रहती है। प्रस्तुति के लिए दूसरा विकल्प फोन कॉन्फरेन्स है। कभी-कभी आपको इस विकल्प का उपयोग करना पड़ता है यदि आप या आपकी टीम के सदस्य दूर से काम करते है। दूर से प्रस्तुति करना मतलब आप वॉयस फोन कॉन्फरेन्स में भाग लेते है और वेबएक्स या स्काइप जैसे टूल का उपयोग करके प्रेजेंटेशन शेअर करते है। नंबर तीन प्रस्तुति विकल्प है ईमेल, कभी-कभी लोग कहते हैं "मुझे ईमेल के माध्यम से यह प्रस्तुति भेज दो"। मैं बहुत व्यस्त हूं और मेरे पास आपके साथ बैठ कर अपकी सामग्री को देखने का समय नहीं है। यही कारण है की आपको सुनिश्चित करना चाहीए की आपका प्रझेंनटेशन प्रिंटिंग के लिए भी अच्छी तरह से स्थित हो क्योंकि हो सकता है की यह व्यक्ति सभी एनिमेशन छोड़कर बस स्लाइड को प्रिंट करना चाहता है और फिर प्रझेंनटेशन प्रिंट होने के बाद उसमें दी गई जानकारी की देखना चाहता है।

तो आपका प्रझेंनटेशन सफल बनाने के लिए कवर स्लाइड इतनी महत्वपूर्ण क्यों है? सबसे पहले यह दर्शकों का ध्यान आकर्षित करती है। फिर लोगों को सोचने पर मजबूर करती है की: अगर इस व्यक्ति ने कवर स्लाइड इतनी अच्छी बनाई है तो इसका प्रझेंनटेशन बेहद प्रभावी हो सकता होगा, और शायद इसमें एक संदेश हो जो मुझे सुनना चाहिए जो इस प्रझेंनटेशन को आगे बढाते हूए आपकी सफलता की बुनियाद रख सकती है।

वैसे, आप मुख्य स्लाइड को बनाने के जिस तरीके को देख रहे है वह दूसरें यूट्यूब ट्यूटोरियल में एक हिस्से के रूप बताया गया है इसलिए यदि आप रुचि रखते है, तो उसे देखना भी याद रखें और मेरे यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब भी करें ताकि आप अन्य किसी वीडियो को ना भूल सकें।

चलो चरण-दर-चरण ट्यूटोरियल शुरू करें। मैं ट्यूटोरियल दो बार चलाने जा रहा हूं: पहले फास्ट-फॉरवर्ड जहां आप उपरी स्तर पर होने वाली सभी चीजें देखेंगे। फिर हम नियमित गति से ट्यूटोरियल चलाएंगे जहां मैं कुछ चिजें निश्चित तरीकों से क्यों कर रहा हूं इस बारे में तर्क समझाऊंगा।

पूरे ट्यूटोरियल में पांच मुख्य घटक शामिल है। पहला घटक है बॅकग्राऊंड स्लाइड डाउनलोड करना और उसे पावरप्वाइंट में डालना। मुख्य बॅकग्राऊंड छवि जीसका उपयोग मैंने किया है डाउनलोड के लिए उपलब्ध है और मैंने इस वीडियो के डिस्क्रिप्शन में लिंक शेयर की है। ट्यूटोरियल का दूसरा चरण है बॅकग्राऊंड छवि के लिए हलचल कॉन्फ़िगर करना। जैसा कि आप देखेंगे कि हम एक ही छवि की दो प्रतियां बनाएंगे, एक काली और सफेद छवि होगी जो रंगीन छवि के ऊपर होगी। फीड एनीमेशन का उपयोग करके बॅकग्राऊंड छवि के लिए हलचल डाली जा सकती है, जिसके परिणामस्वरूप काली और सफेद छवि गायब होने लगेगी और रंगीन छवि दिखने लगेगी। फिर हम पावरप्वाइंट में समभुज चौकोन का उपयोग करके दो टेक्स्ट बॉक्स जोडेंगे। पहला समभुज चौकोन बडा और दूसरा छोटा होगा, जो अलग-अलग रंग के लेकीन समान दिखने वाले आकार के होंगे। फिर हम दोनों समभुज चौकोन पर लिखेंगे और दोनों के लिए एनिमेशन भी कॉन्फ़िगर करेंगे। हमारे पास पॉवरपॉइंट में उपलब्ध विभिन्न एनिमेशन का उपयोग करने का अवसर होगा और हम पावरपॉइंट में उपलब्ध टूल्स को भी आजमाएंगे जैसे एनीमेशन पेन या एनीमेशन में हर एक चीज़ के लिए उपलब्ध एनीमेशन विषेशतांए। चौथे चरण में हम दूसरे छोटे समभुज चौकोन को कॉन्फ़िगर करेंगे और अतिरिक्त लिखावट के लिए जगह प्रदान करेंगे, जो प्रेजेंटेशन के लेखक का नाम या कोई अन्य जरुरी जानकारी हो सकती है। समय नियोजित करना और प्रस्तुती का आनंद लेना ट्यूटोरियल का अंतिम चरण होगा। चीजें कैसे काम कर रही है यह देखने का अवसर आपके पास होगा और चीजों को धीमा या तेज करने के लिए जरूरी समय नियोजित करने का अवसर भी मिलेगा।

अब हम ट्यूटोरियल को नियमित गति पर देखते है: इस तरह मैं आपको सभी जानकारि और प्रेजेंटेशन अधिक आकर्षक बनाने के लिए मैंने कुछ तरीकों का उपयोग क्यों किया समझा सकता हूं। सबसे पहले

हम पावरपॉइंट में एक नई स्लाइड खोलेंगे और उपयोग में न आने वाले सभी अतिरिक्त चिजों को हटाएंगे। अगले चरण में इन्सर्ट टैब पर क्लिक करें और इन्सर्ट पिक्चर्स विकल्प चुनें: जिससे न्यूयॉर्क शहर की तस्वीर डल जाएगी। खुद इन्सर्ट करने के लिए मैंने छवि की एक प्रति बनाई है, लेकिन आप के लिए इस वीडियो के डिस्क्रिप्शन में लिंक भी प्रदान की है। हमें इस छवि की एक प्रति बनानी है और दूसरी छवि काली और सफेद बनानी है। इन निर्देशों का पालन करें,

सबसे पहले हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि दूसरी तस्वीर का चयन किया गया है

फिर हमें [Picture Tools] मेनू और उसके बाद [Color] का चयन करना है। [Black and White] का चयन करें और फिर दूसरी तस्वीर पहली तस्वीर के बिलकूल उपर रहें यह सुनिश्चित करते दूसरी तस्वीर को सही तरीके से जमाना है।

दूसरी तस्वीर का चयन करके रखते हुए, चलिए पावरपॉइंट में एनीमेशन टैब पर क्लिक करते है। फिर हम एक नया फेड एनीमेशन इफ़ेक्ट जोड़ते है। हमें सुनिश्चित करना है कि बाहर निकलने पर फेड एनीमेशन इफ़ेक्ट दीखना चाहीए, क्योंकि यहां दो फेड इफ़ेक्ट उपलब्ध है।

अब चलिए डिफ़ॉल्ट फेड इफ़ेक्ट के समय को बढाते है ताकी यह सुनिश्चित हो जाए कि काली और सफेद तस्वीर धीरे - धीरे गायब होती दीख रही है

अब हम फेड इफ़ेक्ट पर माउस से राईट क्लिक करेंगे और [Effect Options] का चयन करेंगे।

अब हम इफ़ेक्ट का समय बदलते है और मैंने फेड इफ़ेक्ट के लिए 3 सेकंड का समय चून लिया है।

अब हम प्रीव्यू बटन पर क्लिक करते है ताकि आप काली और सफेद तस्वीर गायब होते और रंगीन तस्वीर प्रकट होते देख सकें।

चलो समभुज चौकोन के रूप में उडते टेक्स्ट बॉक्स जोडना जारी रखते है। इन्सर्ट शेप पर क्लिक करें और चौकोन चुनें। अब आप जो चाहे वो आकार चुनिए और उस पर टेक्स्ट लिखना शुरु करें।

यदि आवश्यक हो तो हम बेहतर दृश्यता और दिखावे के लिए फ़ॉन्ट को बड़ा कर सकते हो तो आप अपने हिसाब से आकार का बैकग्राउंड का रंग बदल सकते है। आकार पर क्लिक करें और प्रॉपर्टीज पर जाएं और फिर रंग चुने।

अब, यहां पर थोडा विराम लेकर मैं आपको अपना उच्च स्तरीय कवर स्लाइड एनीमेशन दिखाता हूं। यह नया ट्यूटोरियल है जिस पर मैं काम कर रहा हूं।

मेरे यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करें, ताकि आप कोई भी चीज ना भूल पाएं।

आगे बढते है। अब छोटे आकार के चौकोन डालने की आवश्यकता है, जिससे आपको अतिरिक्त टेक्स्ट लिखने का प्रावधान मिलता है। मेनू में इन्सर्ट शेप पर क्लिक करें और चौकोन चुनें। आप जो चाहे वह टेक्स्ट लिख सकते है और फिर अपनी पसंद के बैकग्राउंड रंग का चयन करें। ध्यान रखें कि यदि आप हल्का बैकग्राउंड रंग चुनते है, जैसे मैंने किया है, आपको फ़ॉन्ट का रंग चूनना होगा और साथ ही साथ उसे गहरा बनाना होगा ताकि वह ठीक से दीखाई दे सकें।

अगला चरण है चौकोन के लिए एनिमेशन बनाना, पहले एनिमेशन पेन पर क्लिक करें और फिर बड़े आकार के लिए फ्लाई एनीमेशन चूनें। आइए अब एनीमेशन का क्रम बदलते है ताकि हम सुनिश्चित कर सकें कि चौकोन का एनीमेशन बैकग्राउंड छवि के एनीमेशन से पहले शुरू हो रहा है। इसके बाद चौकोन एनीमेशन का समय बदलते है। ऐसा करने के लिए इफ़ेक्ट प्रॉपर्टीज पर क्लिक कर के टाइमिंग टैब चूनें और फिर 2 सेकंड का समय चूनें। माउस क्लिक के साथ ही चौकोन के लिए एनीमेशन शुरु हो जाएगा चौकोन के लिए एनीमेशन समाप्त होते ही तस्वीर के लिए एनीमेशन शुरु करना हम पसंद करेंगे। ऐसा करने के लिए, एनीमेशन पेन पर तस्वीर चूनें, माउस पर राईट क्लिक कर के स्टार्ट व्हिस्पेरिंग हां (यस) चूनें।

अब आइए एनीमेशन के दौरान चौकोन अंदर कैसे आना चाहिए उसमें बदलाव करते है। डिफ़ॉल्ट चूनाव में यह नीचे से अंदर आता है। आइए डिफ़ॉल्ट बर्ताव में बदल करें, जिससे यह बाई ओर से उड़ता हूआ अंदर आएगा।

डिफ़ॉल्ट एनीमेशन बर्ताव बदलने के लिए चौकोन और एनीमेशन पेन चूनें। माउस पर राईट क्लिक करें और फिर इफ़ेक्ट विकल्प चूनें, फिर दिशा चूनें ताकि बाई ओर से उडते हूए अंदर आ सकें। चलिए अब दूसरे चौकोन के लिए फ्लाई एनीमेशन जोड़ें।

आइए पहले चौकोन का एनीमेशन समाप्त होने के बाद दूसरे चौकोन का एनीमेशन शुरु हो पाए यह सुनिश्चित करने के लिए दूसरे चौकोन का एनीमेशन क्रम बदलते है। अब यह बाई ओर से उडते हूए अंदर आए यह सुनिश्चित करने के लिए इफ़ेक्ट विकल्पों में से बाया (लेफ्ट) विकल्प चूनें और बाई ओर से उडते हूए लाने के लिए दिशा बदलें और अब एनीमेशन के लिए दो सेकंड का समय चूनें। इसके बाद आइए सुनिश्चित करें कि पहले चौकोन के बाद दूसरे चौकेन का एनीमेशन शुरू हो रहा है। हम एनीमेशन पेन में छोटे चौकोन का चयन करके ऐसा करेंगे और फिर माउस पर राईट क्लिक करके [Start After Previous] विकल्प चूनें।

अब अंतिम चरण में हमें हमारी मेहनत के परिणामों की जांच करनी है। प्रीव्यू बटन पर क्लिक करें और प्रदर्शन का आनंद लें।

संक्षेप में: हमने एनीमेशन पूरा कर लिया है जिसमें तीन भाग है - उडेत हूए अंदर आने वाले दो समभुज चौकोन और बैकग्राउंड, जो काले और सफेद से रंगीन बैकग्राउंड में बदलता है।

देखने के लिए धन्यवाद!!! मुझे उम्मीद है कि आपने कुछ सीखते हूए इस वीडियो का आनंद लिया है। यदि आप कर सकते है, तो कृपया इस जानकारी को किसी ऐसे व्यक्ति को बताए जो प्रेजेंटेशन पर काम कर रहा हो जिससे उसको इस ट्यूटोरियल से लाभ होगा।

कृपया नीचे दी गए कमेंट के हिस्से में अपनी प्रतिक्रिया दें और अपनी टिप्पणियां और विचार मुझे बताए। मैं उन सभी की समीक्षा करता हूं, यदि मौका मिलता है और अगर मुझे निश्चित रूप से जवाब पता है तो मैं जवाब भी देता हूं। इसके अलावा, अगर आपको यह वीडियो पसंद आता है तो कृपया लाइक बटन पर क्लिक करें। इससे वास्तव में मेरी श्रेणी बढने मदद होती है। आपको इस वीडियो के डिस्क्रिप्शन के हिस्से में लिंक और डाउनलोड मिल जाएगें, कृप्या उसे भी देखे। आपको कई अन्य उपयोगी जानकारी भी मिलेगी जिनसे आपको फायदा होगा।

कृप्या मेरे अन्य संबंधित वीडियो को जाचें और मेरे यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करें। हमारे पास बहुत सी अच्छी चीजों की योजनाए है और मैं नहीं चाहता कि आप इसमें से किसी कोई भी चीज भूल जाएं। यदि आप आगे आने वाली सभी नई चीजों के बारे में अधिसूचना चाहते है, तो कृप्या मेरी ईमेल भी सब्सक्राइब करें।

सभी लिंक्स यहां स्क्रीन पर मौजूद है, संपर्क में रहने के लिए कृप्या उन पर क्लिक करें। इसे देखने के लिए फिर एक बार धन्यवाद !!!

Online Training Course

Click Here to Enroll

PowerPoint Animations and Video